कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौतमबुद्धनगर।

पत्रांक/बेसिक शिक्षा/ 14387-88 /2021–22, दिनांक 07-01-2022

कार्यालय ज्ञाप

प्रबन्धक, अर्सलाईन कान्वेट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल प्लाट नम्बर–1, ब्लॉक ए, सैक्टर–36 ग्रेटर नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक 28–12–2021 द्वारा शासनादेश संख्या–419/79–6–2013–18(20)/91 शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ दिनांक 08/05/2013 के क्रम में विद्यालय की मान्यता का नवीनीकरण/स्थाई करने का अनुरोध किया गया है। अभिलेखानुसार इस कार्यालय के पत्रांक/मान्यता/16627–29/2019–20 दिनांक 31–03–2019 के द्वारा उक्त विद्यालय को कक्षा नर्सरी से 08 तक अंग्रेजी माध्यम की मान्यता तीन वर्ष की अवधि हेतु अनंतिम रूप से प्रदान की गयी थी।

उक्त के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या–419/79–6–2013–18(20)/91 शिक्षा अनुभाग–6 लखनऊ, दिनांक 08–05–2013 के प्रस्तर 15 में निम्नलिखित व्यवस्था दी गयी है:–

प्रथमतया निर्धारित प्रारूप पर नियमावली में उल्लिखित प्राविधानों के दृष्टिगत औपबन्धित मान्यता तीन वर्ष के लिये दी जायेगी। इस अवधि में मान्यता की शर्तों के उल्लंघन से सम्बन्धित यदि कोई प्रतिकूल तथ्य संज्ञानित नहीं होता है तो तीन वर्ष की अवधि पूर्ण होने पर यह मान लिया जायेगा कि विद्यालय को स्थाई मान्यता प्राप्त हो गयी है।

उक्त संस्था के विरूद्ध कार्यालय को विद्यालय के आरम्भ से अद्यतन कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। इस आशय का प्रबन्धक द्वारा शपथ पत्र भी उपलब्ध कराया गया है। उक्त शासनादेश एवं प्रबन्धक, अर्सलाईन कान्वेट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल प्लाट नम्बर–1, ब्लॉक ए, सैक्टर–36 ग्रेटर नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर द्वारा पत्रावली में उपलब्ध कराये गये अपने विद्यालय सम्बन्धी अद्यतन प्रपत्रों के आधार पर उक्त विद्यालय का मान्यता कोड–G.J.H.S-546 है की मान्यता को **स्थाई** माना जायेगा एवं भविष्य में पत्रांक/मान्यता/16627–29/2019–20 दिनांक 31–03–2019 में उल्लिखित समस्त शर्तों/मानकों का पालन एवं शासन द्वारा जारी किये नवीन शासनादेश भी प्रभावी होंगे। विभाग द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धन्तों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा।

भवदीय,

(धर्मेन्द्र सक्सेना)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर

पृ0सं/बे0शि0/ /2021–22, दिनांक।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी, जनपद गौतमबुद्धनगर।
2. प्रबन्धक, अर्सलाईन कान्वेट सीनियर सैकेण्डरी स्कूल प्लाट नम्बर–1, ब्लॉक ए, सैक्टर–36 ग्रेटर नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर।

(धर्मेन्द्र सक्सेना)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
गौतमबुद्धनगर